PUBLICATION : DAINIK BHASKAR (DB)

EDITION : JAIPUR

DATE : 17TH DECEMBER 2014, PAGE NO. : 24

फिक्की फ्लो मीट के दौरान पोलो और पार्टी का रोमांच

फिक्की फ्लो पोलो मैच विजेता टीम [illegible] के साथ।

सिटी रिपोर्टर ▶ जयपुर

फिक्की फ्लो इंटर स्टेट मीट 'मीटिंग्स ऑफ माइंड्स - वुमन लीडिंग चेंज' के दूसरे दिन जहां बुक लॉन्च की गई, वहीं दूसरी ओर पोलो मैच को एंजॉय किया। दिन भर में तीन सेशन हुए।

इस बीच बॉलीवुड सिंगर कविता सेठ ने भी गाने गाए। पहले सेशन में महिलाओं ने कानूनी अधिकारों को जाना, दूसरे सेशन में बॉलीवुड हस्तियों पर लिखी बुक पर चर्चा रखी गई। होटल ललित में मंगलवार को तीन सेशन रखे गए। पहले सेशन में अमरचंद मंगलदास लॉ अफेक्टिंग इन इंडिया ए रेडी रेकनोर बुक की लॉन्चिंग की गई। दूसरे सेशन में सोनी गोलानी और सिंगर कविता सेठ से इंटरेक्टिव सेशन रखा गया। सोनी ने

बॉलीवुड के 15 फिल्म मेकर्स पर बुक लॉन्च की। इसमें आशुतोष गोवारीकर जैसे नाम शामिल हैं। इस बुक में इन फिल्म पर्सनैलिटीज की सफल और संघर्ष की कहानी है। सेशन के दौरान वेक अप सिड फेम सिंगर कविता सेठ ने कहा, ' मैंने तीन साल तक बॉलीवुड में संघर्ष किया है। सूफी संगीत मुझे पसंद है। इसलिए मैं गजल और सूफी संगीत की प्रस्तुति देती हूं। बॉलीवुड में ऐसे गाने नहीं गाना चाहती जिसके बोल और शब्द अभद्र हों।'

पोलो का रोमांच

सभी मेंबर्स के लिए रामबाग पोलो क्लब में पोलो मैच रखा गया। इसमें सभी मेंबर्स ने एंजॉय किया। मैच साउथ वेस्ट और नॉर्थ ईस्ट टीम के बीच खेला गया। साउथ वेस्ट टीम विजयी रही। जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन अपरा कुच्छल ने बताया कि मीट के आखिरी दिन बुधवार को अजमेर विजिट रखा गया है।

राजस्थानी थीम पर पार्टी

नाइट पार्टी की थीम राजस्थानी रखी गई। इसमें सभी ने साफा पहनकर राजस्थानी घूमर पेश किया। कविता सेठ ने गाने गाकर माहौल को सुरमयी बनाया।